दिन– सोमवार दिनांक– 14 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कृतज्ञ राष्ट्र आज भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज डॉ. आम्बेडकर समग्र सेवा अभियान की शुरूआत की। अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।
03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स के शुभंकर गजसिंह का किया लोकार्पण।
04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ रूक–रूक कर हो रही है बारिश। शेखपुरा, सारण, बांका और कैमूर जिले में कुछ स्थानों पर गिरे ओले।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर को उनकी एक सौ चौंतीसवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और कुशाग्र राजनीतिज्ञ डॉक्टर बी. आर. आम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन जनहित के लिए समर्पित कर दिया था। वे स्वतंत्र भारत के पहले विधि और न्याय मंत्री बनाये गये थे। वर्ष उन्नीस सौ नब्बे में उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज संसद भवन परिसर में डॉ. बीआर आम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब ने कई कठिनाइयों के बावजूद एक अलग पहचान बनाई और पूरी दुनिया में सम्मान अर्जित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर की प्रेरणा के कारण ही आज देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। हरियाणा के हिसार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से बाबा साहेब का जीवन, उनका संघर्ष और उनका शाश्वत संदेश सरकार की यात्रा

का आधार रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती दलितों, वंचितों और पिछड़े समुदायों के लिए दिवाली की तरह है।

———बाइट———

संविधान निर्माता बाबा साहब का जीवन, उनका संघर्ष, उनका जीवन, संदेश हमारी सरकार की ग्यारह साल की यात्रा का प्रेरणा स्तंभ बना है। हर दिन, हर फैसला, हर नीति बाबा साहब अंबेडकर को समर्पित है।

---

इधर, राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में आम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य राजकीय समारोह पटना उच्च न्यायालय के समीप आंबेडकर प्रतिमा पर आयोजित की गयी, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इधर, विभिन्न संस्थानों में भी डॉक्टर आम्बेडकर की जयंती मनाई गयी। आकाशवाणी पटना में बाबा साहेब की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम को प्रभारी केन्द्र प्रमुख उदयशंकर और कार्यक्रम प्रमुख नंदिनी वर्मा समेत कई अधिकारियों और कर्मियों ने संबोधित किया। पटना के इनर्जी इंटरनेशनल में अध्यक्ष विजय नारायण झा की अध्यक्षता में भारतीय संविधान में बाबा साहेब का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखराहां गांव में सामाज सेवी बब्बन जी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज आम्बेडकर जयंती के अवसर पर डॉ.आम्बेडकर समग्र सेवा अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्‌देश्य अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने अभियान के तहत एससी–एसटी सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के छह सौ लाभुकों को एक मुश्त राशि का अंतरण किया। साथ ही उन्होंने कई योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम भी मौजूद थे।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लागों को बाईस

योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज जिन रथों को रवाना किया गया, उसके माध्यम से एससी, एसटी टोलों में विशेष शिविर का आयोजन कर लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

---बाइट---

---

केन्द्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के आदर्शों और विचारों को सही मायने में अंगीकार किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए कई काम किए हैं और बाबा साहब को उचित सम्मान दिया है।

---बाइट---

---

और, अब एक जरूरी सूचना.....

आकाशवाणी पटना से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन और तीन बजकर पंद्रह मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव किया गया है। अब हिन्दी समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजे से जबकि उर्दू समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजकर पांच मिनट से हो रहा है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस के प्रतीक और शुभंकर का अनावरण किया। शुभंकर का नाम गजसिंह रखा गया है। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि इन खेलों का आयोजन चार से पन्द्रह मई तक पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में होना है। इसके तहत वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, कबड्डी, एथलेटिक्स

और सेपक टाकरा समेत अठारह अलग–अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में दस हजार से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे।

———बाइट———

इधर, पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग, मशाल और जर्सी का अनावरण किया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, विधायक और ओलंपियन श्रेयसी सिंह, एथलीट लवलीना बरगोहाइन, मीरा बाई चानू, हॉकी खिलाड़ी जफर इकबाल और बाइचुंग भूटिया, समेत खेल जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज दरभंगा में रेड क्रॉस भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी मानवीयता की सेवा के लिए निरंतर काम करती रही है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी का अपना भवन होने से क्रियाकलापों में तेजी आयेगी। इस अवसर पर राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी भी मौजूद थे।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए का नेतृत्व करेंगे। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व को लेकर कहीं से कोई संशय नहीं है।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि उनका अब एनडीए से कोई नाता नहीं है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। श्री पारस ने कहा कि यदि उन्हें महागठबंधन में उचित सम्मान मिलेगा वे उनके साथ जाने के लिए तैयार हैं।

———बाइट———

---

काल वैशाखी के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में आज दोपहर बाद से तेज हवा के साथ रूक–रूक कर बारिश हो रही है। शेखपुरा, सारण, बांका और कैमूर जिले में कुछ जगहों पर ओलवृष्टि भी हुई है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण फसल को व्यापक क्षति हुई है। अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया कि वंशी प्रखंड के शादीपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक दंपति और उसकी बेटी की मौत हो गई। इधर, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, शिवहर समेत राज्य के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिण मध्य भागों में कई स्थानों पर चालीस से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

–––बाइट–––

---

आज लोक पर्व सतुआनी है। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मकई, चना और जौ का सत्तू आचार, प्याज, चटनी और टिकोला के साथ खाने की परंपरा है। इधर, आज मिथिला में लोकपर्व जुड़–शीतल मनाया जा रहा है।

---

01. कृतज्ञ राष्ट्र आज भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज डॉ. आम्बेडकर समग्र सेवा अभियान की शुरूआत की। अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।
03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज खेलो इंडिया यूथ गेम्स के शुभंकर गजसिंह का किया लोकार्पण।
04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ रूक–रूक कर हो रही है बारिश। शेखपुरा, सारण, बांका और कैमूर जिले में कुछ स्थानों पर गिरे ओले।

---

समाप्त